Ans. (b) – वर्तमान में राजस्थान में जल का अतिदोहन सर्वाधिक चिंताजनक बनती जा रही है। राजस्थान की 80% आबादी पेयजल के लिए भूजल स्त्रोतों पर निर्भर है तथा कृषि कार्य हेतू 60–70% भू जल स्त्रोतों का उपयोग होता है। राजस्थान में विगत 60 वर्षों में भू जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन से ये भंडार जो हजारों वर्षों में एकत्र हुए थे खाली होते जा रहे हैं।

143. राजस्थान की किस रियासत को पं. जवाहर लाल नेहरू ने विश्व का आठवाँ आश्चर्य कहा था-

(a) बीकानेर (b) कोटा
(c) झालावाड़ (d) जैसलमेर

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (d) – राजस्थान की जैसलमेर रियासत को पं. जवाहर लाल नेहरू ने विश्व का आठवाँ आश्चर्य कहा था।

144. राजस्थान के पहले मानव विकास प्रतिवेदन (2002) का मुख्य विषय था-

(a) समावेशी विकास
(b) गरीबी उन्मूलन
(c) सतत विकास के साथ समावेशी वृद्धि
(d) वैश्वीकरण के युग में स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – मानव विकास रिपोर्ट राजस्थान द्वारा प्रथम बार वर्ष 2002 में जारी किया गया था। इस रिपोर्ट का मुख्य विषय (थीम) 'वैश्वीकरण के युग में स्थायी आजीविका का बढ़ावा देना' था। मानव विकास रिपोर्ट जारी करने वाला भारत का प्रथम राज्य मध्य प्रदेश था। इस सूचकांक का विकास 1990 में महबूब-उल-हक ने किया था।

145. वर्ष 2011 के भू-जल सर्वेक्षण के अनुसार राजस्थान में अपने भू-जल का 100 प्रतिशत से अधिक दोहन वाले सुपर क्रिटीकल डार्क जोन की संख्या कितनी है-

(a) 115 (b) 172
(c) 120 (d) 95

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (b) – वर्ष 2011 के भू-जल सर्वेक्षण के अनुसार राजस्थान में अपने भू-जल का 100 प्रतिशत से अधिक दोहन वाले सुपर क्रिटीकल डार्क जोन की संख्या 172 थी, वर्तमान में यह संख्या 203 है।

146. अमरदास वैरागी साधू के वेश में अपना अन्तिम समय किस क्रान्तिकारी ने व्यतीत किया-

(a) केसरी सिंह (b) गोपाल सिंह खारवा
(c) साधू सीताराम दास (d) जोरावर सिंह

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (d) – 'अमरदास वैरागी' के छद्म नाम से जोरावर सिंह बराठ ने अपना अधिकतर समय मध्यप्रदेश के मालवा और वागर क्षेत्र में व्यतीत किया था। वे एक स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे। उनके भाई केसरी सिंह बारहठ और उनके पुत्र प्रताप सिंह बारहठ थे। उन्होंने महलों का वैभव को त्याग दिया था और स्वतंत्रता के लिए एक सशक्त आंदोलन को चुना था।

147. किसके प्रस्ताव पर 'मत्स्य संघ' नाम रखा गया है?

(a) सरदार पटेल (b) हीरालाल शास्त्री
(c) के.एम. मुंशी (d) जमनालाल बजाज

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (c) – 'मत्स्य संघ' नाम का सुझाव के.एम. मुंशी द्वारा दिया गया था। मत्स्य संघ राजस्थान निर्माण प्रक्रिया का प्रथम चरण था। मत्स्य संघ में चार रियासतों अलवर, धौलपुर, भरतपुर और करौली को शामिल किया गया था। मत्स्य संघ का उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को केन्द्रीय मंत्री एन.वी. गाडगिल द्वारा किया गया था।

148. भू-गर्भ जल सर्वे-1971 की तकनीकी रिपोर्ट के तहत निम्न दिये गए किस जिले का समावेश सर्वे में नहीं किया गया है?

(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर
(c) उदयपुर (d) जोधपुर

LDC Exam 12.08.2018

Ans. (c) – 1971 की भू-गर्भ सर्वेक्षण की तकनीकी रिपोर्ट में उदयपुर जिला शामिल नहीं है। भारत सरकार द्वारा राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना 1955 ई. में की गई थी। इसका कार्यालय जोधपुर में है।

149. राजस्थान में 'सौ टापुओं का क्षेत्र' किसे कहते हैं?

(a) डूंगरपुर (b) जालौर
(c) उदयपुर (d) बाँसवाड़ा

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (d) – राजस्थान में बांसवाड़ा को 'सौ टापूओं का क्षेत्र' कहते हैं। इसे 'सौ द्वीपों का नगर' भी कहते हैं क्योकि यहाँ से होकर बहने वाली माही नदी में अनेक द्वीप है। बांसवाड़ा राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित शहर है जो गुजरात और मध्यप्रदेश की सीमा के निकट है।

150. स्वामी दयानंद सरस्वती ने उदयपुर में किस संस्था की स्थापना की?

(a) आर्य समाज (b) इजलास सभा
(c) परोपकारिणी सभा (d) महान्द्राज सभा

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (c) – दयानंद सरस्वती ने 1883 ई. में उदयपुर में परोपकारिणी सभा का गठन किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने परोपकारिणी सभा की प्रथम स्थापना 1880 ई. में मेरठ में की थी। इसका उद्देश्य आर्य समाज की पुस्तकों का मुद्रण और प्रकाशन, धर्म-प्रचार, अनाथों का संरक्षण, मोक्ष आदि के परोपकारी कार्य करना था।